प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

16 जुलाई 2021

**2020-21 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन**

रिज़र्व बैंक ने आज 2020-21 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के कार्य - निष्पादन से संबंधित आंकड़े का प्रकाशन किया, जिन्हें 2,608[1] सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्त (एनजीएनएफ) कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से प्राप्त किया गया है। तुलना करने में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए 2019-20 की चौथी तिमाही और 2020-21 की तीसरी तिमाही से संबंधित आंकड़े भी सारणी में प्रस्तुत किए गए हैं। आंकड़े को वेब लिंक https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 से एक्सेस किया जा सकता है।

***मुख्य बातें:***

***बिक्री***

- पिछली तिमाही में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2020-21 की चौथी तिमाही में 1,633 विनिर्माण कंपनियों की बिक्री में 31.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई। बिक्री में यह वृद्धि वैविध्यपूर्ण थी, और अनुकूल आधार प्रभाव के साथ-साथ मूल्य प्रभाव (तालिका 2क और तालिका 5क) द्वारा समर्थित थी।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों की बिक्री वृद्धि 2020-21 की चौथी तिमाही में 6.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) तक तेज हो गई (तालिका 2क)।
- पिछली तीन तिमाहियों में गिरावट के बाद गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री में मामूली वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई; सुधार में मुख्य रूप से व्यापारिक कंपनियों का समर्थन था (तालिका 2क और तालिका 5क) ।

***व्यय***

- निर्माण कंपनियों ने 2020-21 की चौथी तिमाही के दौरान बिक्री में वृद्धि के साथ कच्चे माल पर अपने खर्च में वृद्धि की (तालिका 2क)।
- विनिर्माण कंपनियों के लिए कर्मचारियों की लागत वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ी, 2020-21 की चौथी तिमाही में आईटी कंपनियों के लिए स्थिर रही, जबकि यह गैर-आईटी सेवाओं के लिए संकुचन क्षेत्र में रही (तालिका 2क)।

---

[1] कोविड -19 महामारी के कारण, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा 2020-21 की चौथी तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम प्रस्तुत करने की समय सीमा 30 जून, 2021 तक बढ़ा दी।

[2] आईसीआर (अर्थात, ब्याज से पूर्व आय और ब्याज व्यय पर कर का अनुपात) एक कंपनी की ऋण चुकौती क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।

*परिचालनगत लाभ*

- 2020-21 की चौथी तिमाही में व्यय की तुलना में बिक्री में अधिक वृद्धि के कारण निर्माण कंपनियों के परिचालन लाभ में तेजी (वर्ष-दर-वर्ष) आई; सेवा क्षेत्र की कंपनियों (आईटी और गैर-आईटी दोनों) के परिचालन लाभ में भी विस्तार हुआ (तालिका 2क)।

**ब्याज**

- लाभ में वृद्धि और ब्याज व्यय में लगातार कमी के साथ, विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[2] पिछली तिमाही में 6.6 से 2020-21 की चौथी तिमाही में 7.3 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर यूनिटी से नीचे रहा (तालिका 2ख)।

*मूल्य निर्धारण शक्ति*

- तिमाही के दौरान सभी क्षेत्रों में परिचालन लाभ मार्जिन स्थिर रहा (सारणी 2ख)।

**तालिका की सूची**

| तालिका सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | क | सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयनित अनुपात |
| 2 | क | सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्रवार | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयनित अनुपात |
| 3 | क | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयनित अनुपात |
| 4 | क | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयनित अनुपात |
| 5 | क | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक नोट्स | | | |
| शब्दावली | | | |

नोट:

- भिन्न – भिन्न तिमाहियों में, परिणामों की घोषणा की तारीख पर निर्भर करते हुए, कंपनियों के कवरेज में परिवर्तन होते हैं; तथापि इसके कारण सकल स्थिति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होगा ऐसी कोई प्रत्याशा नहीं की जाती।
- संकलन पद्धति पर विस्तृत व्याख्यात्मक टिप्पणियों और शब्दावली (संशोधित परिभाषा और परिकलन सहित, जो पिछले प्रकाशनों से भिन्न हैं) संलग्न है।

**(योगेश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/547**